# पौधों की परी

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 11)

➢ सोचो तो दीदी किन पौधों पर बैठी होंगी?

**उत्तर** दीदी घास पर बैठी थी।

➢ क्या तुमने कोई ऐसा पेड़ देखा है जिसका तना चित्र में दिखाए पेड़ जितना मोटा हो?

**उत्तर** हाँ, मैंने ऐसा पेड़ देखा है। उदाहरण के लिये, बरगद।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 12)

➢ क्या सभी पत्तों का रंग, आकार और किनारे एक जैसे हैं?

**उत्तर** नहीं, अलग-अलग पत्तों के रंग, आकार और किनारे भिन्न-भिन्न तरह के हैं।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 14)

➢ कुछ पंत्ते इकट्ठे करो। जैसे–नींबू, आम, नीम, तुलसी, पुदीना, हरा धनिया। इन पत्तों को मसलो और उनकी महक सूँघो। क्या सभी पत्तों की महक एक-सी है? क्या तुम सिर्फ महक से इन पत्तों को पहचान पाओगे?

**उत्तर** नहीं, सभी पत्तों की महक एक-सी नहीं है। अलग-अलग पत्तों की महक अलग-अलग है। मैं कुछ पत्तों को उनके महक से पहचान पाऊँगा।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 15)

➢ अब एक दूसरे की बनाई छाप को देखो। क्या सब पेड़ों की छाप एक जैसी है?

**उत्तर** अलग-अलग पेड़ों की छाप अलग-अलग है।

➢ कौन-से पत्ते की छाप अच्छी बनी?

**उत्तर** रुखड़े पत्ते की छाप अच्छी बनती है।

➢ किस पेड़ की छाप लेना मुश्किल था? क्यों?

**उत्तर** मुलायम और छिछले तने वाले पेड़ों की छाप लेना मुश्किल था क्योंकि वे बहुत ही नाजुक और पतले थे।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 16)

➢ चित्र में कौन-कौन् सी चीजों पर फूल पत्तियों का डिजाइन बना हुआ है?

**उत्तर** निम्न चीजों पर फूल पत्तियों का डिजाइन बना हुआ है–
चादर, तस्वीर, तकिया, किताब, सलवार और दरी।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 17)

➢ अपने घर में देखो किन-किन चीजों पर फूल-पत्तियों के डिजाइन बने हैं?

**उत्तर** स्वयं करो।

➢ तुमने बहुत सारे पेड़ पौधे देखे हैं। उनमें से तुम कितनों के नाम जानते हो? उनके नाम लिखो।

**उत्तर** नीम, बरगद, आम, अमरुद, जामुन, अशोक, गुलाब, तुलसी।

➢ ऐसे पेड़-पौधों के नाम लिखो जिनको तुमने कभी नहीं देखा, लेकिन उनके नाम सुने हैं।

**उत्तर** केसर, सेव, बादाम, काजू, नागफनी, चीकू।

➢ किसी बुजुर्ग से पता करो। क्या कोई ऐसे पेड़-पौधे हैं, जो उस समय होते थे, लेकिन अब वे दिखाई नहीं देते?

**उत्तर** हरसिंगार, कदम, सेमल।

➢ क्या कोई ऐसे पेड़-पौधे हैं, जो पहले नहीं थे, पर अब दिखते हैं?

**उत्तर** बोंसाई, ट्युलिप, विभिन्न रंगों के गुलाब आदि।

पेड़ से दोस्ती

तुम्हारे स्कूल या घर के आस-पास कोई एक पेड़ ढूँढो और उससे दोस्ती करो।

एक लम्बी दोस्ती

➢ यह किस चीज का पेड़ है? यदि नहीं जानते तो बड़ों से पूछो।

**उत्तर** नीम।

➢ क्या तुम दोस्त पेड़ को कुछ खास नाम देना चाहोगे? क्या रखोगे उसका नाम?

**उत्तर** हाँ, मैं उसका नाम *'हरी काया'* रखूंगा।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 18)

➢ क्या यह पेड़ फूल या फल देता है? बताओ कौन-से?

**उत्तर** यह पेड़ फूल और फल दोनों देता है।

➢ इस पेड़ के पत्ते कैसे हैं?

**उत्तर** इस पेड़ के पत्ते छोटे, पतले और नुकीले हैं। इसके किनारे दांतदार दिखते हैं।

➢ क्या इस पेड़ पर पक्षी या जानवर रहते हैं? कौन से?

**उत्तर** हाँ, इस पेड़ पर बहुत सारे जानवर और पक्षी रहते हैं। जैसे--बन्दर, गिलहरी, तोता और गौरैया आदि।

➢ अपने इस दोस्त पेड़ के बारे में और भी बहुत-सी बातें पता करो और सभी को बताओ।

**उत्तर** स्वयं करो।

**नोट**–(तुम इस पेड़ की तस्वीर खींच कर दोस्तों को दिखा सकते हो।)